सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 10.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 10.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 11 भूमि विवाद , 06 मारपीट व 22 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 10.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆गैर इरादतन हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस से हत्थे/घटना में प्रयुक्त बेसबाल बैट बरामद।

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर के नेत्तृव में आज दिनांक 10.06.2024 को मु0अ0सं0 93/2024 धारा 308,323,504,506 भा0द0वि0 से संबन्धित वांछित अभियुक्त को झण्डेनगर तिराहे के फायर सर्विस मोड़ के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-

01.मो0 हुसैन पुत्र नसीम निवासी वर्डपुर न0-11 टोला सुल्तानपुर थाना व जिला सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मु0आ0 रामबहादुर यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आ0 सन्दीप वर्मा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 10.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना पथरा बाजार, कठेला समयमाता पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, संबंधित क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार, कठेला समयमाता पुलिस द्वारा आज दिनांक 10.06.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्व व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्च अधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया। इस दौरान थाना स्थानीय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 10.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ उपजिलाधिकारी सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में श्री सुजीत राय, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण मे श्री ललित मिश्रा, उपजिलाधिकारी सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थाना प्रभारी थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान/सभासद, दोनों संप्रदाय के सम्मानित सदस्यों एवं पुलिस मित्र के साथ गोष्ठी की गयी, जिसमे त्यौहार को सकुशल सम्पन्न मनाने हेतु उच्चाधिकारीगणो से प्राप्त आदेशों निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान थाना स्थानीय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 10.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **10-06-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।